हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शुक्रवार 8 मई 2026

11 डॉ. कृष्णा कुमारी आर्या ने जापान में दिखाया...



12 शेयर बाजार में करोड़ों के मुनाफे का झांसा देकर...



प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप अब देखना होगा विभागीय जांच में ये 'बीमार' कर्मचारी वास्तव में बीमार निकलते हैं या ड्यूटी से बचने का बहाना

# जनगणना ड्यूटी से 'जी' चुराना पड़ेगा भारी: 15 शिक्षकों के मेडिकल सर्टिफिकेट पर गहराया शक, जांच के आदेश

सतीश सैनी ⏭ नारनौल

जनगणना 2027 के महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में कोताही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। नायब तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी (जनगणना) ने उपायुक्त को पत्र लिखकर 15 ऐसे शिक्षकों और कर्मचारियों की सूची सौंपी है, जिन्होंने ड्यूटी कटवाने के लिए बीमारी का हवाला देते हुए मेडिकल सर्टिफिकेट जमा किए हैं। प्रशासनिक गलियारों में इस पत्र के बाद हड़कंप मच गया है। अब देखना यह होगा कि स्वास्थ्य विभाग की जांच में ये 'बीमार' कर्मचारी वास्तव में बीमार निकलते हैं या ड्यूटी से बचने का इनका बहाना पकड़ा जाता है।

### 'अनुशासनात्मक कार्रवाई' होगी

पत्र में सिफारिश की गई है कि इन सभी मेडिकल सर्टिफिकेट्स की गहनता से जांच की जाए। यदि जांच में यह पाया जाता है कि मेडिकल प्रमाण पत्र गलत हैं या ड्यूटी से बचने के लिए फर्जी दस्तावेज पेश किए गए हैं, तो संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस पत्र की प्रति नगराधीश एवं नोडल अधिकारी जनगणना 2027, जिला राजस्व अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी नारनौल को भी भेजी है।

### प्रशासन को 'फर्जीवाड़े' की बू

चार्ज अधिकारी द्वारा जारी पत्र (क्रमांक 120, दिनांक 06-05-2026) में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि इन कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत किए गए मेडिकल प्रमाण पत्र संदेह के घेरे में हैं। अधिकारी का मानना है कि इन कर्मचारियों की मंशा बीमारी नहीं, बल्कि केवल जनगणना ड्यूटी से बचना है।



नारनौल। उपायुक्त को भेजा गया पत्र।

### इन कर्मचारियों पर टिकी हैं नजरें

प्रदीप टीजीटी जीएसएसएस जैलाफ, संध्या गौर ईएसएचएम जीएमएस पावरा, पूनम डीपीई जीजीएसएस गोद, माया यादव टीजीटी जीएमएस हसनपुर, राजेश कुमार पीजीटी जीएसएसएस सेका, रामरती पीटीआई जीएसएसएस जोरासी, संजय यादव पीजीटी जीएसएसएस दोचाना, राज कुमार पीजीटी जीएसएसएस मुकंदपुरा, ललिता रानी पीजीटी पीएमश्री जीजीएसएसएस नारनौल, टीना पीजीटी पीएमश्री जीजीएसएसएस नारनौल, मंजू बाला पीजीटी पीएमश्री जीजीएसएसएस नारनौल, शर्मिला पीजीटी पीएमश्री जीजीएसएसएस नारनौल, पुष्पा राजोरा पीजीटी जीएसएसएस सीहमा, प्रताप कौर जेबीटी जीजीपीएस खासपुर और डॉ. कृष्णा यादव पीजीटी जीएसएसएस सेका नाम शामिल है।

### क्या कहते हैं डीईओ

जिला शिक्षा अधिकारी विश्वेश्वर कौशिक ने बताया कि इस मामले से वह अवगत नहीं है। आपने बताया है तो इस पत्र के हिसाब से जांच पड़ताल की जाएगी। वैसे भी मेडिकल सर्टिफिकेट की जांच स्वास्थ्य विभाग ही कर सकता है।

### दूसरी तरफ हसला ने जनगणना ड्यूटी की विसंगतियों के लिए उठाई आवाज

हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला )नारनौल की जिला इकाई ने 27 अप्रैल को लघु सचिवालय में एकत्र होकर जनगणना में लगी ड्यूटी में विसंगतियों के बारे में एसडीएम अनिरुद्ध यादव को ज्ञापन सौंपा था। हसला के जिला प्रधान अरविंद यादव माजरा का कहना था कि वर्तमान जनगणना 2027 में स्कूल प्रवक्ताओं की ड्यूटी अपने कार्यस्थल से 20 से 30 किलोमीटर दूर लगाई गई है, जिसके कारण संगठन में नाराजगी है। इस भीषण गर्मी में कई महिलाओं की ड्यूटी अपने निवास स्थान एवं कार्य स्थल से बहुत दूर लगी हुई है जिससे स्कूल की छुट्टी के बाद जनगणना का कार्य करना मौसम के प्रतिकूल है। इसी प्रकार कुछ अध्यापकों को सुपरवाइजर एवं प्रवक्ताओं को प्रगणक लगाया गया है। उन्होंने इस प्रकार कनिष्ठ एवं वरिष्ठ पद अनुसार ड्यूटियों में आ रही विसंगतियों को भी प्रशासन से सुधारने की मांग की थी।

## खबर संक्षेप

### अपहरण करने के मामले में 4 आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** पुलिस ने युवक का अपहरण कर उसके साथ मारपीट करने और घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में कार्रवाई करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने शहर क्षेत्र से इन आरोपितों को काबू किया है और इनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई लाठी भी बरामद कर ली गई है। पुलिस को दी गई शिकायत में शिकायतकर्ता ने बताया कि वह किसी काम से राधा कृष्ण पार्क मोहल्ला बावडीपुर गया था। वहां आरोपितों ने उसे जबरन मोटरसाइकिल पर बैठा लिया और कुलताजपुर रोड पर खेतों में ले गए। खेतों में ले जाकर आरोपितों ने उसके साथ लाठी, डंडों से मारपीट की। इस दौरान आरोपितों ने मारपीट का वीडियो भी बनाया, जिसे बाद में इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया गया। शिकायत के आधार पर थाना शहर में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

### बदमाशों ने गाड़ी के शीशे तोड़े

**नारनौल।** शहर में बदमाशों ने रात करीब साढ़े 12 बजे एक खड़ी गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। घटना की जानकारी गाड़ी के मालिक को रात को ही लगी। जिसके बाद मौके पर पुलिस बुलाई गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला पुरानी सराय के पूर्ण सैनी के पास गाड़ी है। वह अपनी गाड़ी घर के बाहर ही गली में खड़ी करता है। रात को करीब साढ़े 12 बजे उसकी गाड़ी के शीशों को कुछ बदमाश आकर तोड़ गए। रात के समय शोर होने पर पड़ोसी जाग गए। पड़ोसियों ने इसकी सूचना पूर्ण सैनी को दी। जिसके बाद पूर्ण सैनी ने बाहर आकर देखा तो बदमाशों ने उसकी गाड़ी के आगे पीछे तथा साइडों, चारों तरफ के शीशों को तोड़ा हुआ था। वहीं गाड़ी पर भी काफी डंडे व रॉड आदि मारी हुई थी। जिसके कारण गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पूर्ण सैनी को मोहल्ले वालों ने रात को इसकी सूचना दी।

होटल संचालकों को कमर्शियल सिलेंडर इस्तेमाल करने के निर्देश

# होटल और ढाबों पर छापेमारी कर 7 घरेलू सिलेंडर किए जब्त, दुकानदारों में हड़कंप

*नियमों की अनदेखी करने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा विभाग*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग की शिकायतें मिलने पर खाद्य आपूर्ति विभाग ने होटल व ढाबों पर औचक छापेमारी की। विभिन्न दुकानों पर करीब सात सिलेंडर जब्त किए हैं, साथ ही दुकानदारों को नियमों की अनदेखी करने पर कानून कार्रवाई का अल्टीमेटम दिया है। कार्रवाई की भनक लगते ही अधिकांश दुकानदार प्रतिष्ठानों को बंद करके इधर उधर छुप गए। दिनभर हड़कंप की स्थिति रहने के बाद शाम छह बजे दुकानों पर कारोबार शुरू हो पाया।

आपको बता दें कि अमेरिका, इरान के बीच तनाव होने के बाद पेट्रोलियम पदार्थों की शॉर्टेज बनी हुई है। जिसकी सूचना मिलते ही उपभोक्ताओं में मारामारी की स्थिति बनी हुई है। साथ ही सरकार ने कमर्शियल सिलेंडरों के रेटों में भारी बढ़ोतरी कर दी, जिस कारण घरेलू सिलेंडरों की डिमांड बढ़ गई है। कालाबाजारी की शिकायतें मिलने के बाद जिला उपायुक्त ने होटल व ढाबों पर घरेलू सिलेंडरों के उपयोग पर प्रतिबंद लगाने के निर्देश दिए। प्रशासनिक निर्देशानुसार खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने निरीक्षक सचिन कुमार की अगुवाई में औचक छापेमारी अभियान चलाया। सबसे पहले टीम अनाज मंडी के पास एक होटल पर पहुंची। यहां कमर्शियल सिलेंडर का उपयोग होने की पुष्टि हुई। इसके बाद बस स्टैंड पर होटलों का निरीक्षण किया गया। कार्रवाई के दौरान टीम को तीन सिलेंडर जब्त करने के सफलता मिली। इसके बाद नारनौल व निजामपुर रोड पर दाबिश करीब चार सिलेंडर जब्त किए गए हैं। टीम ने तर्क दिया कि घरेलू गैस सिलेंडर केवल घरेलू उपयोग के लिए निर्धारित हैं। उनका होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट या अन्य व्यावसायिक गतिविधियों में उपयोग करना नियमों के विरुद्ध है। ऐसे मामलों में विभाग की ओर से सिलेंडर जब्त करने के साथ साथ संबंधित संचालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का प्रावधान है। नियमों की अनदेखी रोकने के लिए औचक छापेमारी लगातार जारी रहेगी। प्रशासन का उद्देश्य नियमों का पालन सुनिश्चित करना और घरेलू गैस की कालाबाजारी तथा दुरुपयोग पर रोक लगाना है। विभाग की इस कार्रवाई के बाद शहर के होटल व ढाबा संचालकों में पूरे दिन चर्चा और चिंता का माहौल बना रहा।



नांगल चौधरी। होटलों पर छापेमारी करके घरेलू सिलेंडरों की तलाश करती विभागीय टीम। फोटो: हरिभूमि

### घरेलू सिलेंडरों का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं करेगा विभाग

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक सचिन कुमार व अशोक कुमार ने बताया कि रसोई गैस सिलेंडरों की कोई किल्लत नहीं, लेकिन घरेलू सिलेंडरों का कमर्शियल इस्तेमाल किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा। छापेमारी में पकड़ने जाने पर होटल संचालकों के खिलाफ कानून कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्रवाई में सात सिलेंडर जब्त किए गए हैं।

उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ की बैठक

# महेंद्रगढ़ शहर हित में प्रधान ने डीसी के समक्ष रखा पक्ष

*नपा अधिकारियों के प्रति उपायुक्त का रुख काफी सख्त दिखाई दिया*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

उपायुक्त अनुपमा अंजलि ने नगर पालिका से संबंधित विभिन्न जनसमस्याओं, विकास कार्यों व लगातार उठाई जा रही शिकायतों को लेकर संबंधित अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली गई। बैठक के दौरान प्रधान नगर पालिका रमेश सैनी ने शहर की प्रमुख समस्याओं, रूके हुए विकास कार्यों, सफाई व्यवस्था, गुणवत्ता संबंधी शिकायतों व अधिकारियों की लापरवाही के विभिन्न मुद्दों को पूरी मजबूती एवं तथ्यों के साथ प्रशासन के समक्ष रखा गया।

इस अवसर पर नगर पालिका अधिकारियों के प्रति उपायुक्त का रुख काफी सख्त दिखाई दिया तथा उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा गैर-जिम्मेदाराना कार्यशैली स्वीकार नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए तथा जनहित से जुड़े मामलों में लापरवाही एवं भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाने की बात कही।

### बायोमेट्रिक मशीन से हाजिरी अनिवार्य करवाने के निर्देश

बैठक में विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, रूके हुए कार्यों को शीघ्र शुरू करवाने, हेल्प डेस्क जल्द शुरू करने, कार्यालय व्यवस्था सुधारने एवं कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु बायोमेट्रिक मशीन से हाजिरी अनिवार्य करवाने के निर्देश भी दिए गए। प्रधान की ओर से जनहित के मुद्दों पर उचित कार्रवाई किए जाने एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनने के लिए उपायुक्त का धन्यवाद व्यक्त किया। बैठक में जिला नगर आयुक्त रणबीर सिंह, एसडीएम योगेश सैनी, सचिव प्रशांत पराशर व पालिका अभियंता राजेश कौशिक उपस्थित रहे।

### सुविधाओं के अभाव पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

**महेंद्रगढ़।** सरकार की ओर से जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए शुरू किए गए समाधान शिविर अब खुद ही अव्यवस्थाओं का शिकार होते नजर आ रहे हैं। जिले में आयोजित होने वाले समाधान शिविरों में सुविधाओं की भारी कमी को लेकर स्थानीय ग्रामीणों और सरपंचों ने मोर्चा खोल दिया। वीरवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त को एक मांग पत्र सौंपकर अपनी नाराजगी जाहिर की। उपायुक्त को सौंपे गए पत्र में बताया गया कि हरियाणा के अन्य 23 जिलों में समाधान शिविर सुचारू रूप से चल रहे हैं, लेकिन महेंद्रगढ़ में स्थिति दयनीय है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिविर के लिए किसी बड़े हाल की व्यवस्था नहीं है, जिससे अधिकारियों और जनता दोनों को परेशानी होती है। शिविर में आने वाले बुजुर्गों और महिलाओं के बैठने के लिए कोई उचित प्रबंध नहीं है। लोग घंटों खड़े रहने को मजबूर हैं। शिकायतों को दर्ज कराने या सही खिड़की तक पहुंचने के लिए कोई श्हेल्प डेस्कश नहीं बनाया गया है। इस विरोध प्रदर्शन में ग्राम पंचायत खेड़ा, बवानिया और मेघनवास समेत कई गांवों के सरपंच और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। सरपंचों का कहना है कि सरकार एक तरफ जनहित की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ धरातल पर सुविधाओं का टोटा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही अन्य जिलों की तर्ज पर महेंद्रगढ़ में भी पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए, तो ग्रामीण अपनी आवाज और बुलंद करेंगे।

## सफाई कर्मियों की हड़ताल, शहर में लगे कूड़े के ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

शहर में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नगर परिषद कर्मचारियों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर चल रही हड़ताल के बीच वीरवार को नगर परिषद कर्मचारियों ने शहर में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने शहर के प्रमुख मार्गों से रैली निकालकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की तथा मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। प्रदर्शन की शुरुआत नगर परिषद परिसर से हुई, जहां बड़ी संख्या में कर्मचारी एकत्रित हुए। इसके बाद कर्मचारियों ने महावीर चौक, मुख्य बाजार, पुल बाजार, मानक चौक, आजाद चौक, किला रोड, मोहल्ला नलापुर और पुलिस लाइन रोड सहित विभिन्न क्षेत्रों से विरोध मार्च निकाला।

प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया और लंबित मांगों को लेकर रोष जताया। नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई प्रधान भूपेंद्र सारवान ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों को लेकर सरकार के साथ कई दौर की बातचीत हो चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर के पालिका कर्मचारी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रही है।



नारनौल। प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

### बाजारों व रिहायशी इलाकों में फैली गंदगी, लोग परेशान

वहीं नगर परिषद सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का असर अब शहर की सफाई व्यवस्था पर साफ दिखाई देने लगा है। जिससे शहर के कई इलाकों में कूड़े के ढेर जमा हो गए हैं। जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाजारों व रिहायशी इलाकों में फैली गंदगी के कारण लोगों में भी नाराजगी देखी जा रही है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगों का समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### शराब ठेके के पास मिला व्यक्ति का शव, गर्दन पर चोट के निशान

**नारनौल।** शहर के मोहल्ला नई सराय निवासी एक 50 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान दलीचन्द के रूप में हुई है, जो तंदूर का काम करता था और तीन मई को काम के सिलसिले में कोटपुतली (राजस्थान) गया हुआ था। मृतक के भाई वेद के अनुसार बीती शाम करीब 5 से 5:30 बजे उन्हें सूचना मिली कि दलीचन्द टहला रोड स्थित शराब ठेके के पास बने एक कमरे में फर्श पर गिरा हुआ है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उसे घर ले आए, जहां जांच करने पर उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों ने बताया कि शरीर की जांच के दौरान गर्दन पर निशान दिखाई दिए, जिसके बाद वे शव को नागरिक अस्पताल नारनौल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर शव को मोर्चरी में रखवा दिया। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव का निरीक्षण करने के साथ घटनास्थल का भी जायजा लिया। पुलिस जांच में कमरे की छत पर लगी बांस की लकड़ी से बंधी रस्सी मिली, जिसका एक सिरा टूटा हुआ था। प्रारंभिक जांच में मृतक की गर्दन पर रस्सी के निशान पाए गए हैं। पुलिस के अनुसार यह कमरा अमरपुर जोरासी निवासी सुन्दर लाल का है, जहां मृतक पिछले दो दिनों से रह रहा था। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर 194 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा है कि मौत के असली कारणों का पता लगाया जाए।

# मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना: सरकार उठाएगी श्रद्धालुओं का पूरा खर्च

- यह ट्रेन 15 को सिरसा से भट्टू मंडी फतेहाबाद, हिसार, हांसी, भिवानी, चरखी दादरी, रेवाड़ी, गुरुग्राम व दिल्ली से होते हुए महाराष्ट्र जाएगी
- पात्र श्रद्धालु अब 10 तक कर सकते हैं सरल हरियाणा पोर्टल पर पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत बुजुर्ग श्रद्धालुओं को पवित्र तीर्थ स्थल तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ महाराष्ट्र के दर्शन के लिए अब स्पेशल ट्रेन 15 मई को सिरसा से चलेगी। यह ट्रेन सिरसा के बाद भट्टू मंडी फतेहाबाद, हिसार, हांसी, भिवानी, चरखी दादरी, रेवाड़ी, गुरुग्राम और दिल्ली से होते हुए महाराष्ट्र जाएगी। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त अनुपमा अंजलि ने बताया कि इस यात्रा के इच्छुक श्रद्धालु 10 मई तक सरल हरियाणा पोर्टल पर नजदीकी सीएससी सेंटर या अपने स्मार्ट फोन से पंजीकरण कर सकते हैं।



उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नागरिक, जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है और उनकी पारिवारिक आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है, वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। योजना के तहत यात्रा पूरी तरह निःशुल्क होगी और पात्र श्रद्धालुओं को रहने व खाने सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस यात्रा का पूरा खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। डीसी ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए कुछ नियम निर्धारित किए गए हैं।

### यह होगी पात्रता

जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत आवेदन करने के लिए कुछ आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य किए गए हैं, जिनमें वैध फोटो पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड या अन्य सरकारी आईडी, परिवार पहचान पत्र, शारीरिक रूप से यात्रा के लिए फिट होने की स्वयं घोषणा तथा पिछले तीन वर्षों में योजना का लाभ न लेने की घोषणा शामिल है। आवेदक का हरियाणा का निवासी होना और परिवार पहचान पत्र होना अनिवार्य है।

सैनी सभा त्रिवार्षिक चुनाव : 24 मई को होंगे प्रधान सहित 5 पदों के चुनाव

# महासचिव के लिए पहली महिला उम्मीदवार ने किया नामांकन, फार्म भरने का आज अंतिम दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

शहर की सबसे बड़ी सामाजिक संस्था सैनी सभा (रजि.) का त्रिवार्षिक चुनाव का द्वितीय चरण में कार्यकारिणी पदों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए जा रहे है। वीरवार को प्रधान, उपप्रधान व महासचिव पद के लिए नामांकन जमा किए गए। इस दिन खास बात यह रही कि महासचिव पद के लिए पहली बार महिला उम्मीदवार ने नामांकन जमा करवाया। अब शुक्रवार को नामांकन पत्र जमा करवाने का अंतिम दिन है।

जानकारी के मुताबिक नामांकन पांच से आठ मई के बीच रोजाना दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक नामांकन के लिए आवेदन जमा हो रहे है। पहले दिन पांच मई को सचिव पद के लिए मनीष पुत्र सज्जन सिंह पुरानी सराय व कोषाध्यक्ष पद के लिए विकास पुत्र ओमप्रकाश वासी नूनी अव्वल ने नामांकन किया। दूसरे दिन छह मई को प्रधान पद के लिए हरीश पुत्र ओमप्रकाश सैनी वासी पीरआगा, रोहताश पुत्र रामपत वासी हैफेड के पीछे और ओमप्रकाश पुत्र दुलीचंद ने नामांकन किया।

वहीं उपप्रधान पद के लिए मानसिंह पुत्र प्रभातीलाल, प्रदीप पुत्र सोमदत्त, मानसिंह पुत्र मूलचंद, अरूण पुत्र धर्मसिंह व महेंद्र पुत्र भानाराम ने नामांकन किया। महासचिव पद के लिए सतीश पुत्र रामसिंह रेवाड़ी रोड और जयसिंह पुत्र सुमेर सिंह ने नामांकन किया। वहीं सचिव पद के लिए मदनलाल पुत्र भोलाराम व मोहरसिंह पुत्र बिशनदयाल वासी बावड़ीपुर ने नामांकन दाखिल किया।

इसके बाद तीसरे दिन सात मई को प्रधान पद के लिए सुरेंद्र कुमार पुत्र हरीराम वासी ढाणी किरारोद, उपप्रधान पद के लिए भवानीशंकर पुत्र पप्पू सैनी वासी पीरआगा, महासचिव पद के लिए प्रेमचंद पुत्र रामजीलाल व रेणू पत्नी लोकेश सैनी वासी सलामपुरा ने नामांकन पत्र जमा करवाया है।



नारनौल। पहली बार महासचिव पद के लिए महिला उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल करती रेणू।

### यह है चुनावी शेड्यूल

इस संबंध में चुनाव अधिकारी संदीप एडवोकेट, उप चुनाव अधिकारी सुरेंद्र सैनी व पर्यवेक्षक रोशनलाल सैनी ने बताया कि 5 मई से 8 मई के बीच रोजाना दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक नामांकन के लिए आवेदन किए जा सकते है। इस तिथि के बाद 9 से 10 मई दोपहर दो बजे तक नामांकन की जांच होगी। इसके बाद 13 मई को शाम पांच बजे तक नामांकन वापसी लिए जा सकेंगे। अगले ही दिन 14 मई को उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटन कर दिए जाएंगे। इसके बाद प्रत्याशियों के पास 10 दिन का समय प्रचार प्रसार का रहेगा। इसके बाद 24 मई को सैनी सभा परिसर में प्रधान, उपप्रधान, महासचिव, सचिव व कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव होंगे।

फीलिंग्स

# माय मम्मी इज द बेस्ट

हर मां अपने बच्चों से बेइंतहा प्यार करती है। बच्चों की केयर में कोई कसर नहीं छोड़ती। बच्चे भी अपनी मां से बहुत प्यार करते हैं, उनकी दुनिया मां के इर्द-गिर्द रहती है। टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स **बालभूमि** से शेयर कर रहे हैं, मां से जुड़ी अपनी फीलिंग्स, उनसे जुड़ी खास मेमोरी। ये चाइल्ड आर्टिस्ट्स यह भी बता रहे हैं, इस मदर्स-डे पर इनकी क्या प्लानिंग्स हैं, इनका अपनी मां के लिए क्या मैसेज है?

## हमेशा मिलता है मम्मी का प्यार-सपोर्ट: हरिति जोशी



**इन दिनों** सन नियो के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा का किरदार हरिति जोशी निभा रही है। अपने अभिनय से उसने दर्शकों का मन मोह रखा है। हरिति अपनी मम्मी को लेकर अपनी फीलिंग्स शेयर करती है। वह बताती है, 'मेरी मम्मी की सबसे अच्छी क्वालिटी है, उनका प्यार और हर वक्त सपोर्ट में खड़े रहना। वो मेरे लिए दुनिया की बेस्ट मम्मी हैं।' हरिति अपनी मम्मी से रिलेटेड एक मेमोरी शेयर करती है, 'जब मैं बहुत छोटी थी, तब एक बार मुझे बहुत तेज बुखार हो गया था। मैं बस चुपचाप लेटी थी। मम्मी मेरे पास ही बैठी थीं। वो बार-बार मेरे माथे पर ठंडी पट्टी रखतीं। मुझे अपनी गोद में सुला लेतीं। रात को जब सब सो गए, तब भी मम्मी नहीं सोईं। मैं आधी रात को जब उठी तो देखा कि वो मेरे बाल सहला रही हैं। उस दिन मुझे एहसास हुआ कि मम्मी मुझसे कितना प्यार करती हैं।' इस बार मदर्स-डे पर हरिति अपनी मम्मी को कैसे स्पेशल फील कराएगी, पूछने पर वह बताती है, 'इस मदर्स-डे पर मैं मम्मी के लिए अपने हाथ से एक प्यारा-सा कार्ड बनाऊंगी, जिसमें अपनी और उनकी पिक्चर लगाऊंगी। मैं उनकी कोई फेवरेट डिश बनाऊंगी। घर के कामों में भी उनका हाथ बंटाऊंगी ताकि मम्मी को आराम मिले।'

मदर्स-डे पर हरिति अपनी मम्मी को क्या स्पेशल मैसेज देना चाहेगी, पूछने पर वह बताती है, 'मैं मम्मी से कहूंगी कि मम्मी, आप दुनिया की सबसे अच्छी मम्मी हैं। आप मेरे लिए इतना कुछ करती हैं, उसके लिए थैंक यू! मैं आपसे बहुत-बहुत प्यार करती हूं।' *



## मम्मी से मिलती है इंस्पिरेशन: आयशा विंधारा



**सोनी सब** के शो 'इत्ती सी खुशी' में चिड़िया की भूमिका निभा रही आयशा विंधारा को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। आयशा अपनी मम्मी की बेस्ट क्वालिटीज के बारे में बताती है, 'मेरी मम्मी हमेशा मेरी हर बात बहुत ध्यान से सुनती हैं। मुझे वे यह भी बताती हैं कि मैं कोई काम सही कर रही हूं या गलत। वे मुझे हमेशा गाइड करती हैं। अपनी मम्मी के प्यार और सपोर्ट की वजह से ही मैं हमेशा सिक्योर और कॉन्फिडेंट फील करती हूं।'

इस मदर्स-डे पर मम्मी को स्पेशल फील कराने के लिए आयशा क्या कुछ खास करने वाली है, पूछने पर वह एक्साइटेड होते हुए बताती है, 'मैं इस बार मदर्स-डे पर अपनी मम्मी के साथ किसी रेस्टोरेंट में लंच करने जाऊंगी। उस दिन घर में उनके लिए अपने हाथों से ब्रेकफास्ट तैयार करूंगी। मैं अपनी मम्मी को अपने हाथों से बनाया हुआ एक बहुत सुंदर-सा ग्रीटिंग कार्ड दूंगी। साथ ही, मैं उन्हें एक परफ्यूम या उनकी पसंद की शेड वाला लिपस्टिक गिफ्ट करूंगी। मैं अपनी मम्मी और अपनी बहन के साथ इस बार जोरदार तरीके से मदर्स-डे सेलिब्रेट करूंगी।'



इस मदर्स-डे पर अपनी मम्मी के लिए आयशा क्या मैसेज देना चाहेगी? पूछने पर वह बताती है, 'मम्मी, आप हमेशा मुझे सही राह दिखाती हैं, सही सलाह देती हैं। आप हमेशा खुद को मोटिवेट करती हैं, दूसरों की हेल्प करती हैं। आपकी इन बातों से मुझे इंस्पिरेशन मिलती है। आप हमेशा वैसी ही बनी रहें जैसी आप हैं।' *

## मम्मा के पास हर प्रॉब्लम का सॉल्यूशन होता है: संवेग कौदान

**सोनी सब** के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में संवेग कौदान, अंश पटेल की भूमिका निभा रहा है।



अपनी मम्मी के बारे में संवेग बताता है, 'मेरी मम्मा इस दुनिया में सबसे अच्छी मम्मा हैं। वो मेरी हर बात मानती हैं। जो बात नहीं मानने वाली होती है, वह मुझे समझाती हैं कि यह बात क्यों नहीं मान रही हैं? मेरी मम्मा मुझ पर बहुत ट्रस्ट करती हैं। जब कोई मेरे बारे में यह बोलता है कि इससे यह काम नहीं होगा, तब मम्मा कहती हैं, मेरा बेटा सब काम कर सकता है। माय मम्मा इज हेल्पिंग, केयरिंग एंड सपोर्टिव।' मम्मा के साथ कोई मेमोरेबल इंसिडेंट के बारे में पूछने पर संवेग एक मजेदार इंसिडेंट के बारे में बताता है, 'एक बार दिल्ली मेट्रो से सफर करने के लिए मैं अपनी मम्मा के साथ स्टेशन पर पहुंचा। कुछ क्रैकर्स मेरे बैग में रखे हुए थे। जब मैंने वहां चेकिंग कर रहे सीआईएसएफ जवान को देखा तो डर गया, मैं रोने लगा। मम्मा ने मुझे बहुत चुप कराया लेकिन मैं चुप ही नहीं हो रहा था। तो फिर मम्मा ने सीआईएसएफ जवान को कंविंस किया। उसके बाद वह जवान मुस्कुराते हुए मेरे पास आए और प्यार से बोले- इस बार तुम्हारी गलती माफ। आगे से फायर क्रैकर्स लेकर मेट्रो या किसी पब्लिक प्लेस पर मत जाना। मैंने उनसे प्रॉमिस किया। इसके बाद मैं रिलैक्स हो गया। मम्मा के पास हर प्रॉब्लम का सॉल्यूशन होता है।' इस बार मदर्स-डे पर संवेग अपनी मम्मी को एक स्पेशल सरप्राइज देने की प्लानिंग कर रहा है। वह बताता है, 'मम्मा मेरे लिए पापा और दीदी से दूर रहती हैं। इसलिए मम्मा को बिना बताए मैं पापा-दीदी को यहीं बुला लूंगा। इस सरप्राइज से वह बहुत खुश होंगी।' मदर्स-डे पर संवेग अपनी मम्मा को यह मैसेज देना चाहता है, 'मुझे आपका हमेशा ख्याल रखना है, कभी आपका साथ नहीं छोड़ना है। आई लव यू मम्मा।' *



## मम्मी मुझे हमेशा मोटिवेट करती हैं: अकदास खान



**सन नियो** के शो 'दिव्य प्रेम : प्यार और रहस्य की कहानी' में सप्पू का किरदार निभाकर अकदास खान ने दर्शकों का दिल जीत रखा है। अकदास अपनी मम्मी के बारे में बताता है, 'मेरी मम्मी दुनिया की बेस्ट मॉम हैं। वो हमेशा मेरा ख्याल रखती हैं। मम्मी मुझे हर बात को बहुत अच्छे से समझाती हैं। वो हमेशा मुझे मोटिवेट करती हैं, कहती हैं- अपनी मजबूत इच्छाशक्ति और मेहनत से हम लाइफ में कुछ भी अचीव कर सकते हैं।'

अकदास अपनी मम्मी से रिलेटेड एक प्यारी-सी मेमोरी शेयर करता है, 'एक बार मैं शूट के दौरान बहुत थक गया था। मेरा मन काम करने का नहीं था। तब मम्मी सेट पर आईं। उन्होंने मुझे हग किया और मुझे मेरी फेवरेट चॉकलेट दी। फिर हम दोनों ने साथ में थोड़ा टाइम बिताया। मम्मी ने मुझे स्पेशल फील कराया। मैं फिर से खुश हो गया।'

इस बार मदर्स-डे पर अपनी मम्मी को स्पेशल फील कराने के लिए अकदास अपनी प्लानिंग बताता है, 'मदर्स-डे पर मैं मम्मी के लिए एक हैंडमेड कार्ड बनाऊंगा। उन्हें एक छोटा-सा गिफ्ट भी दूंगा। अगर उस रोज मेरी शूटिंग नहीं हुई, तो मैं उनके साथ पूरा दिन बिताऊंगा।'

मदर्स-डे पर अकदास अपनी मम्मी को क्या खास मैसेज देना चाहता है, पूछने पर बताता है, 'मैं मम्मी से कहूंगा कि मैं आपको बहुत प्यार करता हूं। आप मेरे लिए सबसे स्ट्रॉन्ग और बेस्ट हो। आप हमेशा मेरे साथ रहिएगा। मैं बड़ा होकर आपको बहुत प्राउड फील कराऊंगा।' *



प्रस्तुति: बालभूमि फीचर्स

---

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## प्रेरित करती कहानियां

बच्चो, हाल में ही प्रेरित करती बाल कथाओं की किताब 'बच्चों को स्वावलंबी बनाने वाली कहानियां' छपकर आई है। इसमें कुल बारह कहानियां संकलित हैं। इस किताब की लेखिका डॉ. करुणा पांडे हैं। ये सभी कहानियां जीवन से जुड़ी शिक्षाएं देती हैं। पहली कहानी 'आत्मनिर्भर बनो' में शिक्षक अपनी कक्षा के बच्चों को एक चिड़िया की कहानी सुनाकर आत्मनिर्भरता का महत्व बताते हैं। दूसरी कहानी 'मेहनत का खजाना' में तुम पढ़ोगे कि कैसे आलसी लड़के गोविंद को मेहनत का महत्व पता चलता है, जब उसके पिता का देहांत हो जाता है। एक और आलसी बच्चे तिम्मा की कहानी तुम 'गौरैया का उपाय' में पढ़ सकते हो कि कैसे उसे एहसास होता है कि बिना मेहनत किए कोई भी जीव अपना भोजन प्राप्त नहीं कर सकता है। 'दोस्ती की पहचान' एक किसान और उसके नासमझ बेटे गोपाल की कहानी है, जो अपने सच्चे दोस्तों की पहचान नहीं कर पाता है और उनके साथ अपना समय बरबाद करता रहता है। लेकिन जब वह उनसे मदद मांगने जाता है तो उसे सच्चाई का पता चलता है। 'अदभुत जीव' एक साहसी युवक की कहानी है, जो अपनी बुद्धिमानी और वीरता से खतरनाक जीव को मार देता है। 'अंतरात्मा की आवाज' एक ईमानदार बच्चे अतुल की कहानी है, जो अपनी मां की दी हुई शिक्षा को कभी नहीं भूलता है। यह कहानी बताती है कि लालच से हमेशा दूर रहना चाहिए। इनके अलावा इस किताब में संकलित 'साहसी लड़की', 'स्वार्थी मित्र', 'मेहनत की कमाई' और 'उन्नति का रास्ता' कहानियां भी तुम्हें अच्छी लगेंगी। ये कहानियां रोचक तरीके से तुम्हें स्वावलंबी और अच्छा इंसान बनने के लिए प्रेरित करती हैं। *




**किताब:** बच्चों को स्वावलंबी बनाने वाली कहानियां (बाल कथा संग्रह), **लेखिका:** डॉ. करुणा पांडे, **मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक:** श्वेता बुक एजेंसी, पिलानी राजस्थान

---




कहानी

डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

## मां, आपको पता है न?

हर किसी को अपनी मां की कद्र करनी चाहिए, उसे प्यार-सम्मान देना चाहिए। नहीं तो मां के ना रहने पर उसी तरह पछतावा, दुख होगा, जैसे चंदन को होता है। उसने एक दिन नोटबुक में वह सब लिख डाला, जो उसने मां के ना रहने पर महसूस किया। मां हमारे जीवन में कितना महत्व रखती हैं, बता रही है यह कहानी।



एआई इमेज

पापा घर में घुसे तो सन्नाटा पसरा था। रीतू तो बैठक में फर्श पर ही सो गई थी। चंदन सोफे पर सोया हुआ था। उलटे, औंधे मुंह। नोटबुक उसका तकिया बनी हुई थी। पापा मन ही मन बोले, 'अच्छा! तो बच्चू पढ़ते-पढ़ते सो गए हैं।' पापा ने बड़े प्यार से उसकी पीठ को सहलाया फिर आहिस्ते से उस नोटबुक को खींचा। चंदन पर कोई असर न पड़ा। वह बेसुध सोया हुआ था।

पापा मुस्कुराए। उसके गालों का पसीना पोंछा। नोटबुक का पन्ना भी तो भीगा हुआ था। पापा ने एक बार फर्श पर सोई हुई रीतू के माथे को भी प्यार से सहलाया। रीतू की नींद खुल गई, 'अरे! पापा, आप आ गए। मैं पानी लाती हूं।'

रीतू आंखें मलती हुई किचेन में चली गई। पापा के हाथ में चंदन की नोटबुक थी। वह उसे मेज पर रखने ही जा रहे थे कि उस पर बड़ी ही खूबसूरत लिखावट में लिखे पांच शब्दों पर दृष्टि रुक गई। लिखा था: मां, आपको पता है न?

इसके बाद तो कितना कुछ लिखा हुआ था। पापा की आंखों की कोरें गीली हो गईं। उन्होंने बैठक में ठीक सामने लगी चंदन की मां की फोटो को निहारा। चंदन की मां अब इस दुनिया में नहीं हैं। उन्हें गए एक साल से ऊपर हो गया। पापा ने तो पूरी कोशिश की कि दोनों बच्चों को उनकी कमी महसूस न हो। दोनों को खूब प्यार देते हैं। समय भी खूब देते हैं !

पापा ने नोट बुक को पढ़ना शुरू किया।

मां, आपको पता है न? मैं इस बार कक्षा पांच में आ गया। मुझे कक्षा में सबसे ज्यादा नंबर मिले हैं। मैं आपकी सारी बातें याद रखता हूं। समय से उठता हूं। खूब मन से पढ़ता हूं। आप थीं तो मैं कितना जिद्दी था। उफ! आपको कितना परेशान किया मैंने। कितनी मिस्टेक कीं। कभी सॉरी भी नहीं कहा, लेकिन आपने हमेशा मुझे माफ किया। मेरा हमेशा ही कितना ख्याल रखा। अब आप नहीं हैं तो समझ में आता है कि आप मेरे लिए कितनी जरूरी थीं। कितना कुछ करती थीं। कभी आराम नहीं। कभी मैंने भी तो आपको आराम नहीं दिया। कभी आप थकी-हारी मुझसे कुछ मांगती भी थीं तो कैसे बहाने से मना कर देता था। और आप हंसकर सब कुछ भूल जाती थीं। आप बीमार थीं, तब भी तो कितना काम करती थीं। अब आप नहीं हैं तो आपकी कीमत समझ आती है। अब लगता है, मुझे आपकी हेल्प करनी चाहिए थी। रीतू दीदी तो आपका कितना हाथ बंटाती थी। वह अब पापा का खूब ख्याल रखती है। मैं भी रखता हूं। आपको पता है न?

मां, स्कूल में मेरे दोस्त कहते थे कि तेरे पापा अब नई मां ले आएंगे। कुछ दोस्त कहते हैं कि नई मां बहुत गंदी होती है। बिल्कुल भी प्यार नहीं करती। कुछ कहते हैं, ऐसा नहीं है। उनकी नई मां तो उन्हें बहुत चाहती है, लेकिन एक साल से ऊपर तो हो गया। पापा नई मां नहीं लाए। वे कहते हैं, 'बेटे! अब मैं ही तेरी मां हूं।' सच, वे बिल्कुल आपकी ही तरह हमें बहुत प्यार करते हैं। मां, आपको पता है न? अभी एक दिन क्रिकेट खेलते हुए मुझे चोट लग गई थी। मैंने पापा को नहीं बताया। चुपचाप मेडिसिन वाली स्ट्रिप लगा ली। सोचा उन्हें बताऊंगा तो परेशान होंगे। लेकिन जब उन्हें पता चला तो ज्यादा परेशान हुए। बिल्कुल आपकी तरह बोले- परेशानियों को शेयर जरूर करना चाहिए। दुःख आपस में बांट लो तो कम हो जाता है। मां, आपको पता है न, अब मुझे लगता है कि मैं बड़ा हो गया हूं। छोटे-छोटे कामों के लिए आपको परेशान करने वाला ये चंदन अब सारे काम खुद कर लेता है। काश! ये सब मैं पहले करता, जब आप थीं तो कितना खुश होतीं। दादी, पापा से कितना खुश होती हैं। पापा उनके सामने बिल्कुल बच्चा बन जाते हैं। सही कहते हैं कि जिनके पास बड़े हैं, वे हमेशा बच्चे हैं।

'पापा! पापा! पापा...!' हाथ में गिलास लिए रीतू खड़ी थी। बोली, 'पापा क्या पढ़ रहे हैं? कब से आपको पुकार रही हूं, आप सुनते ही नहीं।'

पापा को जैसे झटका-सा लगा, 'अरे!'

चंदन भी जाग गया था, 'पापा! आप कब आए?' और फिर उसने आंखें मलते-मलते ही जब अपनी नोट बुक पापा के हाथ में देखी तो तेजी से उनसे ले लिया। धीरे से पूछा, 'पापा। क्या आपने पढ़ा इसे?'

पापा ने चंदन की आंखों को देखा। बोले, 'तुम रोए थे चंदन? ये नोट बुक आंसुओं से भीगी है न?'

चंदन पापा से लिपट गया, 'अब नहीं। अब नहीं रोऊंगा पापा। क्या करूं, मां की याद आती है तो खुद को रोक नहीं पाता।'

पापा देर तक चुप बैठे रहे। फिर रीतू के हाथ से गिलास लिया। पानी पिया। बोले, 'तुम दोनों के लिए एक सरप्राइज है। अभी तक इस घर में दो बच्चे थे। अब तीन हो जाएंगे।' 'तीन! वह कैसे?' रीतू और चंदन ने एक साथ पूछा। पापा ने चंदन के गालों को सहलाते हुए बताया, 'क्योंकि अब आपकी बड़ी मां आ रही हैं। अब वे यही रहेंगी। हम तीनों बच्चे उनके साथ खूब मजे करेंगे।'

'वाह! दादी आ रही हैं। वेरी गुड।'

दोनों पापा से लिपट गए।

सामने मां का मुस्कुराता हुआ फोटो और ज्यादा सुंदर लग रहा था। *

---

कविता

अखिलेश श्रीवास्तव चमन



एआई इमेज

## मीठी-मीठी लोरी मां

काली हो या गोरी मां।
बहुत तेज या भोरी मां।
तन की चाहे जैसी भी हो
होती मन की कोरी मां।
रसगुल्ले-सी मीठी-मीठी
या कि शहद की बोरी मां।
अपने बच्चों की खातिर है
माखन भरी कटोरी मां।
परी देश की कथा-कहानी
किस्से चांद-चकोरी मां।
झूठी डांट, डपट और झिड़की
मीठी-मीठी लोरी मां।
अगर जरा भी ठेस लगे तो
मुंह से निकले- मोरी मां।
आती रहती है सपनों में
चुपके, चोरी-चोरी मां।

---



## जीके क्विज-204

1. आईपीएल के इतिहास में 800 बाउंड्री शॉट से रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी कौन बन गए हैं?
2. देश के वर्तमान रक्षा मंत्री कौन हैं?
3. विद्युत का सबसे अच्छा सुचालक कौन-सी धातु होता है?
4. बच्चों की पसंदीदा किताब 'द जंगल बुक' के लेखक कौन हैं?
5. संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई थी?
6. किस भारतीय को 'साबरमती का संत' कहा जाता है?
7. अंकोरवाट मंदिर कहां स्थित है?
8. भारत का प्रथम और अंतिम भारतीय गवर्नर जनरल कौन था?
9. पश्चिम बंगाल की राजधानी कहां है?
10. कौन-सा पोषक तत्व हमारी हड्डियों को मजबूती प्रदान करता है?



**बच्चो, जीके क्विज-204 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-203 का उत्तर :** 1 अरोण्यक घोष, 2. हरिवंश नारायण सिंह, 3. रवींद्रनाथ टैगोर, 4. यूनेस्को, 5. टेनिस, 6. रानी लक्ष्मीबाई, 7. लखनऊ, 8. 23.5 डिग्री, 9. उत्तर प्रदेश, 10. सागरमाथा

**जीके क्विज-203 का सही उत्तर देने वाले :** पूरब-बिलासपुर, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, जियाना-रायगढ़, कबीर-हिसार, तुषार-रायपुर, पूर्वी-रोहतक, संकेत-दिल्ली, कुसुम-महासमुंद, तेजस-बलौदा बाजार, किंशुक-दुर्ग

---

## रंग भरो-201

**रंग भरो-201** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रशिका, जांजगीर



अद्रिक, रायपुर



इरा, कोरबा



आयांश, दुर्ग



प्रगति, बिलासपुर



साक्षी, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आशना-जांजगीर, हर्ष-जगदलपुर, काशवी-रायपुर, काव्या-रायपुर, माही-महासमुंद, विशेष-रायपुर, प्रिया-रायगढ़, संचिता-दुर्ग, जतिन-भोपाल, हर्ष-बलौदा बाजार, याशिका-रायपुर, कुसुम-कोरबा, प्रियांशु-रोहतक, अंकित-बालोद, मनीष-महेंद्रगढ़

---

## रंग भरो 202



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में हर्ष और खुशी अपनी मम्मी से गले मिलकर उन्हें मदर्स-डे विश कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप



नारनौल। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे।

### रविंद्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई

**नारनौल।** श्रीकृपा सेवा समिति के सौजन्य से इंदिरा कॉलोनी स्थित स्लम एरिया टैलेंट के छात्रों के साथ खाद्य पदार्थ वितरण कर गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई। मुख्य वक्ता सुरेन्द्र जैन ने कहा कि स्लम एरिया टैलेंट संस्था एक बहुत ही सुंदर कार्य कर रही है, जो की निःशुल्क छात्रों को पढ़ाई के साथ अनेक गतिविधियों में शामिल होते हैं। शिव मित्तल ने कहा कि गुरुदेव के नाम से मशहूर नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर एक विश्व प्रसिद्ध कवि, लेखक, दार्शनिक, संगीतकार, नाटककार, चित्रकार व समाज सुधारक थे। इस मौके पर शिवकुमार मित्तल, हन्नी गुप्ता, अतर सिंह, शंकर लाल आदि मौजूद थे।

### सेवानिवृत्त मुख्य अध्यापक का निधन

**महेंद्रगढ़।** गांव लावन के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व व सेवानिवृत्त मुख्य अध्यापक सुरेश कुमार 72 का कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र के शिक्षा जगत और सामाजिक हलकों में शोक की लहर है। आज के दौर में जहां परिवार बिखर रहे हैं, सुरेश कुमार का 22 सदस्यों का संयुक्त परिवार समाज के लिए एक प्रेरणा है। परिवार की बागडोर आज भी उनके 99 वर्षीय पिता उमराव सिंह के हाथों में है जिनके मार्गदर्शन में पांचों भाई एकजुट होकर रहते हैं।

### महावीर सिंह पालड़ी का निधन

**महेंद्रगढ़।** महावीर सिंह पालड़ी पनिहारा का निधन हो गया। उन्होंने अपने छोटे बेटे के पास अंबाला में आखिरी सांस ली। दोपहर में उनके पार्थिव शरीर को पैतृक गांव पालड़ी पनिहारा में लाकर अंतिम संस्कार किया गया। बड़े बेटे सतीश यादव एडीओ ने बताया कि वह 81 वर्ष के हो गए थे। वह पहले फौज की तोपखाना शाखा में थे। छोटा बेटा सज्जन पाल फिजियोथेरेपी का डॉक्टर है।

29वीं पुण्यतिथि पर चंदपुरा गांव में हुआ कार्यक्रम

# शहीद नरेश कुमार को दी श्रद्धांजलि परिवार से मिले सेना के अधिकारी

कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों पूर्व सैनिकों और गणमान्य व्यक्तियों ने शहीद नरेश कुमार के अदम्य साहस और देशभक्ति को नमन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र के गांव चंदपुरा के वीर सपूत सीआरपीएफ के बहादुर जवान शहीद नरेश कुमार की 29वीं पुण्यतिथि पर गांव में भावभीनी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरुग्राम स्थित सीआरपीएफ समूह केंद्र से पहुंचे इंस्पेक्टर हरीश चौधरी व उनकी टीम ने शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही शहीद के परिवार को सम्मानित करते हुए उनके बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों, पूर्व सैनिकों और गणमान्य व्यक्तियों ने शहीद नरेश कुमार के अदम्य साहस और देशभक्ति का नमन किया। पूरे माहौल में देशभक्ति की भावना देखने को मिली और भारत माता की जय के नारों से वातावरण गूंज उठा।





मंडी अटेली। शहीद नरेश कुमार व शहीद नरेश कुमार की पत्नी को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

बता दें कि शहीद नरेश कुमार का जन्म 13 सितंबर 1964 को गांव चंदपुरा में हुआ था। उनके पिता स्वर्गीय हरद्वारी लाल थे। बचपन से ही उनमें देश सेवा का जज्बा था। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही विद्यालय से प्राप्त की और आगे चलकर 25 अप्रैल 1986 को सीआरपीएफ में भर्ती होकर देश की सेवा का मार्ग चुना। प्रशिक्षण के बाद उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों में अपनी सेवाएं देते हुए कर्तव्यनिष्ठा और साहस का परिचय दिया। सात मई 1997 को दक्षिण त्रिपुरा में आतंकवादियों के खिलाफ चलाए जा रहे एक अभियान के दौरान शहीद नरेश कुमार और उनके साथियों पर आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला कर दिया। आईईडी विस्फोट और अंधाधुंध फायरिंग के बावजूद जवानों ने बहादुरी से मोर्चा संभाला और आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। इस भीषण मुठभेड़ में 17 जवानों ने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी, जिनमें नरेश कुमार भी शामिल थे। इस अवसर पर रिटायर्ड सहायक कमांडेंट सतीश कुमार ने कहा कि शहीदों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले सैनिक कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्य का पालन करते हैं। हमें उनके त्याग और समर्पण से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।

**यह रहे मौजूद**

इस मौके पर कैप्टन वेदप्रकाश, समाजसेवी तेजप्रकाश, एएसआई राजकुमार, दिनेश कुमार, सजेश कुमार, रामबीर, बाबूलाल, सतीश कुमार सहायक कमांडेंट, संजय, अजित, रामकिशन, कृष्ण ठेकेदार, राजेंद्र पंच, अमीर सिंह, मंगतूराम, बस्तीराम, अशोक, राजपाल, संदीप, सुनील नंबरदार, कलावती, रेवती, कमलेश, बिमला देवी, कौशल्या आदि ने शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने शहीद नरेश कुमार के सम्मान में गांव के स्कूल का नाम उनके नाम पर रखने तथा उनकी प्रतिमा स्थापित करने की मांग भी उठाई। इस पर इंस्पेक्टर हरीश चौधरी ने आश्वासन दिया कि इस संबंध में सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। शहीद नरेश कुमार के परिवार में उनकी पत्नी शारदा देवी, पुत्र और पुत्री हैं। उनकी पुत्री का विवाह हो चुका है, जबकि उनका पुत्र सुनील कुमार सीआरपीएफ में सब इंस्पेक्टर के पद पर जम्मू कश्मीर में अपनी सेवाएं दे रहा है, जो परिवार की देश सेवा की परंपरा को आगे बढ़ा रहा है।



कनीना। एसडी स्कूल ककराला में एनसीसी कैडेटों की परीक्षा लेते अधिकारी।

## एसडी स्कूल ककराला में हुई एनसीसी कैडेट्स की भर्ती

**कनीना।** गांव ककराला स्थित एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एनसीसी कैडेट्स के नए बैच के लिए भर्ती प्रक्रिया का आयोजन किया गया। जिसमें 16 हरियाणा बटालियन एनसीसी नारनौल के तत्वावधान में कमांडिंग ऑफिसर संदीप कुमार और कर्नल राकेश पुनिया की अध्यक्षता में कैडेटों का चयन किया गया। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए बटालियन की ओर से सूबेदार मेजर दानाराम, सूबेदार मुनेश कुमार और हवलदार सुरेन्द्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। चयन प्रक्रिया के दौरान छात्र छात्राओं का शारीरिक दक्षता परीक्षण व बौद्धिक क्षमता को परखने हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों में एनसीसी में शामिल होने को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। कमांडिंग ऑफिसर संदीप कुमार ने परिसर का निरीक्षण किया और कैडेट्स के साथ सीधा संवाद किया। प्रधानाचार्या डॉ. शिप्रा सारस्वत ने एनसीसी अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय सदैव खेलकूद और रक्षा के क्षेत्र में छात्रों को प्रोत्साहित करता रहा है। इस मौके पर सीईओ रामधारी, अजीत सिंह, सोनपाल, रितु चैनल आदि उपस्थित थे।



नारनौल। कार्यक्रम में भाग लेता स्कूल स्टाफ। फोटो: हरिभूमि

## विद्या भारती स्कूल में मनाया मदर्स डे

**नारनौल।** विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर में मदर्स डे मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव व वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव ने किया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा टावर मेकिंग, कप जूस चैलेंज, ताश पत्ता गेम, बैलून फुलाओ, ग्लास गिराओ और म्यूजिकल पेपर जैसी मनोरंजक गतिविधियां करवाई गई। प्रथम कक्षा के बच्चों ने सुंदर डांस प्रस्तुत किया तथा छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी माताओं के लिए प्यारी-प्यारी स्पीच देकर सभी को भावुक कर दिया। कार्यक्रम में माताओं के लिए विशेष गेम्स भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर लकी ड्रॉ भी निकाले गए, जिनमें तीन विजेता माताओं को आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव, निदेशिका डॉ. रविन्द्रा यादव, प्राचार्य अजीत सिंह, वाइस प्रिंसिपल प्रवीण कुमार शर्मा, किड्स ब्लॉक इंचार्ज विजय सोनी, कोर्डिनेटर रितु शर्मा, धर्मवीर, भावेश गोयल सहित समस्त विद्यालय स्टाफ, बच्चे तथा अभिभावकगण उपस्थित थे।



नारनौल। शिक्षाविद् डीपीएस चौहान के जन्मदिन पर हवन करते श्रद्धालुगण।

## पूर्व डीईओ के जन्मदिन पर किया हवन

**नारनौल।** पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी, प्रमुख शिक्षाविद और महाराणा प्रताप ग्रुप ऑफ कॉलेज के निदेशक डीपीएस चौहान के जन्मदिन पर गांव धनौन्दा में यज्ञ हवन कर उनके स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की। यज्ञ ब्रह्मा आर्य समाज धनौन्दा के प्रधान संतलाल आर्य ने यज्ञ सम्पन्न करवाया। प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने कहा कि डीपीएस चौहान ने अपने कार्यकाल में इलाके में अनेक स्कूल व कॉलेजों को खोलने में महत्वपूर्ण योगदान देकर सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने शिक्षा प्रसार में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए केन्द्र सरकार से उन्हें पदम श्री अवार्ड से सम्मानित करने की मांग की। नम्बरदार राजेन्द्र सिंह, कैलाश सेठ ने उनके गौरवशाली व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की। इस मौके पर मीरसिंह वैद्य, गुरुदत, मुकेश तंवर, परमजीत, राजबीर, नवीन जांगड़ा, सुभाष यादव, मंजीत, आशुतोष शास्त्री आदि उपस्थित थे।

## अटेली में भाजपा की बैठक, संगठन को मजबूत करने पर दिया जोर

**मंडी अटेली।** वीरवार को स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के कार्यालय में भाजपा अटेली मंडल की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार गनियार ने की। इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों और योजनाओं की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में मन की बात कार्यक्रम, बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने तथा रेवाड़ी में प्रस्तावित नगर परिषद चुनाव को लेकर रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को चुनावी तैयारियों में जुटने और संगठन को सक्रिय बनाने के निर्देश दिए गए। मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार गनियार ने कहा कि सभी कार्यकर्ता मेरा बूथ सबसे मजबूत के संकल्प के साथ कार्य करें। इससे न केवल संगठन मजबूत होगा बल्कि जनता के बीच पार्टी की पकड़ भी मजबूत होगी। पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण शर्मा ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं का आपसी तालमेल बेहद जरूरी है। इस मौके पर राजेंद्र, कर्मवीर खींची, सरपंच रामकिशन, सरपंच शीशपाल, महावीर, तेजप्रकाश, हेमंत आदि मौजूद रहे।

## राजकीय स्कूल कौथल खुर्द का निरीक्षण

स्कूल में रोशनी व खाने की गुणवत्ता पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं: अनुपमा अंजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

शिक्षा की गुणवत्ता और सरकारी स्कूलों में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेने के लिए उपायुक्त अनुपमा अंजलि ने वीरवार को राजकीय विद्यालय कौथल खुर्द का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त को कुछ कक्षाओं में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था नहीं मिलने पर प्राचार्य को तुरंत प्रभाव से सभी कक्षाओं में अतिरिक्त लाइट लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों के पढ़ने के स्थान पर रोशनी का उचित प्रबंध होना अनिवार्य है, ताकि वे बिना किसी कठिनाई के अपनी पढ़ाई कर सकें।



नारनौल। विद्यार्थियों से संवाद करती डीसी अनुपमा अंजलि। फोटो: हरिभूमि

उपायुक्त ने मिड डे मील के स्टॉक और किचन की सफाई की जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि मीनू के अनुसार ही प्रतिदिन बच्चों को ताजा और पौष्टिक आहार दिया जाए। उन्होंने स्टोर रूम में रखे अनाज की जांच की। उन्होंने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य और शिक्षा एक दूसरे के पूरक हैं। यदि भोजन की गुणवत्ता में किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई गई, तो संबंधित स्टाफ पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### एचपीएस के विद्यार्थियों ने योग में लहराया परचम



**नारनौल।** नांगल चौधरी रोड पर स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने महेन्द्रगढ़ में आयोजित जिला स्तरीय योगासन ओलंपियाड में अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया है। विभिन्न आयु वर्गों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। इशांत पुत्र अनूप कुमार ने अपना दबदबा कायम रखा। इशांत ने प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक अपने नाम किया। रक्षित पुत्र नीरज यादव ने अपनी अद्भुत योग मुद्राओं से सभी का मन मोह लिया और कड़े मुकाबले में चौथा स्थान प्राप्त किया। दोनों छात्रों का राज्य स्तर के लिए क्वालीफाई करना विद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धि है। विद्यार्थियों की इस ऐतिहासिक सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ. हितेश वर्मा व प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विजेताओं को सम्मानित किया। एमडी निधि वर्मा ने कहा कि इन विद्यार्थियों ने अपनी एकाग्रता और निरंतर अभ्यास से यह मुकाम हासिल किया है। प्राचार्य सुनील कुमार ने बताया स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। डीन मनोज भारद्वाज ने छात्रों की पीठ थपथपाते हुए आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए ढेरों शुभकामनाएं दी। अंत में पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी पुष्करमल वर्मा ने कोच व अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।



नारनौल। विद्यार्थी से बातचीत करते बीआरपी संदीप कुमार। फोटो: हरिभूमि

## 'परख' कार्यक्रम के तहत बच्चों के सीखने के स्तर की हुई जांच

**नारनौल।** केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय और एनसीईआरटी नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रदेश भर में प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के सीखने के स्तर की जांच के लिए 'परख' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्थानीय मोहल्ला फ्रांसखाना स्थित रोजविला उच्च विद्यालय में छह से आठ मई तक चलने वाले इस राज्यव्यापी अभियान के अंतर्गत बच्चों के शैक्षिक स्तर की सफलतापूर्वक जांच की गई। शिक्षा विभाग द्वारा इस विशेष अभियान के लिए स्कूलों का चयन रैंडम आधार पर किया गया है, जिसमें सरकारी और मान्यता प्राप्त निजी स्कूल दोनों शामिल हैं। जिला महेंद्रगढ़ के शिक्षा विभाग द्वारा नियुक्त प्रशिक्षित ब्लॉक रिसोर्स पर्सन (बीआरपी) संदीप कुमार ने विद्यालय का दौरा किया और जांच प्रक्रिया को संपन्न किया। चौथी कक्षा के विद्यार्थी दीपांशु, यश, साक्षी, निष्ठा, हर्षित, गगन, दिव्यांशी, आशी और सारवी के सीखने के स्तर को परखा गया। शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार वर्मा ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'परख' केवल एक सामान्य परीक्षा नहीं है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य रटने की पुरानी पद्धति को खत्म कर बच्चों में समझ आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना है।

## आरपीएस स्कूल में विश्व एथलेटिक्स दिवस की धूम

पूर्व गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ियों ने साझा किए अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय में वीरवार को विश्व एथलेटिक्स दिवस बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। इस विशेष अवसर पर खेल भावना को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों को शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में इंटरनेशनल कोच जयवीर उपस्थित रहे व अध्यक्षता कोच अखिलेश तंवर ने की। इस मौके पर विद्यालय के भूतपूर्व छात्र व छात्राओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था, जिन्होंने खेल जगत में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय व इस क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इनमें प्रीति, पूजा, प्रियंका, प्रवीण, संदीप, रिजवान, बलजीत और संजय शामिल रहे। इन पूर्व खिलाड़ियों की उपस्थिति वर्तमान छात्रों के लिए प्रेरणा का मुख्य स्रोत बनी।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

मुख्यातिथि इंटरनेशनल कोच जयवीर ने विद्यार्थियों को तकनीकी बारीकियों से अवगत कराते हुए विश्व एथलेटिक्स दिवस के वैश्विक परिप्रेक्ष्य पर चर्चा की। आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव व प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी को एथलेटिक्स डे सेलिब्रेशन आयोजित करने के लिए बधाई दी। आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि शिक्षा और खेल एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। आरपीएस विद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक स्तर परए बल्कि खेल के मैदान में भी अंतर राष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करना है। ग्रुप के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने बच्चों को विश्व एथलेटिक्स दिवस के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

### व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है एथलेटिक्स

डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने कहा कि एथलेटिक्स व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। युवाओं को खेलों को करियर के रूप में चुनने के लिए निरंतर प्रयास करने चाहिए। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने विद्यालय प्रांगण में पधारे सभी विशिष्ट अतिथियों और पूर्व छात्र खिलाड़ियों का अभिनंदन किया। समारोह को यादगार बनाने के लिए स्कूली बच्चों ने भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। खेल एचओडी राजकुमार ने सभी कोच और खेल विभाग को इस दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम में विद्यालय के उप प्राचार्य दिनेश कुमार, डीन एलएन गौड़, पवन तिवारी, विंग हैड देवेन्द्र पूनिया, जिलेसिंह, अमित कुमार, साक्षी मलिक, अनिता अहलावत आदि मौजूद रहे।

हिंदी भाषा और बोलियों का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचार-प्रसार करना आर्या का लक्ष्य

# डॉ. कृष्णा कुमारी आर्या ने जापान में दिखाया हरियाणवी बोली और लोकगीतों का जलवा

सांस्कृतिक सम्मेलन 2026 में कलाकारों और कवियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

भारतीय शब्द यात्रा साहित्यिक समूह की ओर से जापान की राजधानी टोकियो के भारतीय दूतावास में स्थित विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र में सांस्कृतिक सम्मेलन 2026 का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक ने किया और भारत के विभिन्न प्रांतों से आए हुए कलाकारों, कवियों व गीतकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम में हरियाणा की ख्यातिप्राप्त लोकगायिका डॉ. कृष्णा कुमारी आर्या ने हरियाणवी लोकगीतों से समां बांध दिया और सभागार में उपस्थित लोगों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया।

आर्या ने पंखा जाली का लगवा दे भरतार महीना आया गरमी का और राम रै, लछमण दोनू भाई दोनू भाई दोनू बणखंड जाए हे जी कोई राम मिलै भगवान जैसे हरियाणवी लोकगीतों को गाकर सदन में उपस्थित लोगों को खड़े होकर झूमने और तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। भारतीय दूतावास के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में नाटक शब्द यात्रा दिल से दिलों तक में डॉ. कृष्णा कुमारी आर्या ने हरियाणवी बोली में संवाद प्रस्तुत किए और ठेठ हरियाणवी लहजे में अपना लोकगीत प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। वहीं हरियाणवी बोली में अपनी लघुकथा झबरू प्रस्तुत की और हरियाणवी बोली का अंतर्राष्ट्रीय पटल पर परचम लहराया।



नारनौल। कार्यक्रम को संबोधित करती कृष्णा आर्या। फोटो: हरिभूमि

लोगों ने भारतीय साड़ी प्रदर्शन में उनकी पीलिया बंधेज साड़ी और उनके संवाद अगर हरियाणा आले अपणा अनाज, फल, सब्जियां और पाणी भेजणा बंद करदें तो एक दिन में भूखे प्यासे मर जाएं दिल्ली आले की जमकर सराहना की और खड़े होकर तालियां बजाई। आर्या ने बताया की हिंदी भाषा और उसकी बोलियों का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार प्रसार करना उनका लक्ष्य है और आगे भी वे इस अभियान का हिस्सा बनकर रहेंगी तथा हरियाणवी लोकगीतों व लोकभाषा को विश्व व्यापी बनाने के लिए बेझिझक बीड़ा उठाती रहेंगी।

## हकेंविवि के सिविल इंजीनियरिंग विद्यार्थियों का सिग्नेचर ग्लोबल लिमिटेड में चयन


**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के आठ विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल लिमिटेड में चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को छह लाख रुपये वार्षिक पैकेज प्रदान किया गया है।

यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण एवं उद्योगोन्मुख शिक्षा प्रणाली का प्रमाण है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. टंकेश्वर कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप तैयार किया गया विश्वविद्यालय का आधुनिक एवं उद्योग आधारित पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को व्यावसायिक दक्षता और रोजगार के लिए सक्षम बना रहा है।



महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय। फोटो: हरिभूमि

इन आठ विद्यार्थियों में शिवम कुमार, नेहा पटेल, नीरज, अंकित फागेरिया, अंकित, श्रेष्ठ सिंह, विष्णु व वरनिका शामिल हैं। वहीं सिग्नेचर ग्लोबल लिमिटेड के अधिकारियों रोहन चोपड़ा, उज्ज्वल गुप्ता, कविता अधिकारी ने चयन प्रक्रिया के दौरान सीयूएच के विद्यार्थियों के प्रदर्शन, ज्ञान व कौशल की प्रशंसा की। विश्वविद्यालय के कुलसचिव विभागाध्यक्ष डॉ. भास्कर दास व प्लेसमेंट सेल की निदेशक डॉ. दिव्या ने विद्यार्थियों को बधाई दी।



## खबर संक्षेप

### विश्व रेडक्रॉस दिवस : जिला स्तरीय समारोह आज

**नारनौल।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर आठ मई को रेडक्रॉस कार्यालय में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस समिति अध्यक्ष अनुपमा अंजलि मुख्य अतिथि होंगी। रेडक्रॉस सचिव बलवान शर्मा व जिला कमांडेंट टेकचंद यादव ने बताया कि विश्व रेडक्रॉस दिवस पर जिला रेड क्रॉस सोसायटी की ओर से कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण वितरण शिविर लगाया जाएगा। इस मौके पर प्राचार्य ब्रह्मप्रकाश दहिया, डॉ. धर्मपाल गुर्जर, डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज, डॉ. संजय शर्मा, पवित्रा यादव, रेडक्रॉस कार्यालय से ओमप्रकाश, राजकुमार व्यास, रेखा कुमारी, त्रिभुवन वर्मा, अगेंद्र यादव, राजेश यादव, अजय कुमार, नितेश कुमारी, नवरत्न वर्मा, नीलम यादव, मुकेश वर्मा, विजय कुमार आदि मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री इंटर्नशिप के लिए पंजीकरण शुरू

**नारनौल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य विनोद खनगवाल ने बताया कि युवाओं के लिए पीएम इंटर्नशिप पोर्टल का तृतीय चरण मार्च 2026 से प्रारंभ हो चुका है। यह पंजीकरण दिसंबर 2026 तक खुला रहेगा। भारत सरकार की प्राइम मिनिस्टर इंटर्नशिप स्कीम के अंतर्गत युवाओं को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में इंटर्नशिप का सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है।

### डीएसपी डॉ. कविता ने संभाला कार्यभार

**कनीना।** हरियाणा पुलिस में हाल ही में हुए फेरबदल के बाद कनीना में पुलिस उपाधीक्षक के रूप में डॉ. कविता ने पदभार ग्रहण कर लिया है। कार्यालय पहुंचकर उन्होंने कार्यभार संभाला। डॉ. कविता का स्थानांतरण गुरुग्राम से कनीना में हुआ है। इससे पहले इस पद पर डीएसपी दिनेश कुमार कार्यरत थे। जिनका तबादला अब नूंह जिले के पुनहाना में कर दिया गया है। कार्यभार संभालने के तुरंत बाद डॉ. कविता ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक की और क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना और अपराध की दर में कमी लाना है।



### रोटरी क्लब रॉयल्स आज करेगा स्टेशनरी वितरित

**नारनौल।** समाजसेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत रोटरी क्लब ऑफ रॉयल्स की ओर से शुक्रवार को राजकीय प्राथमिक पाठशाला मोहल्ला बास में स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। क्लब प्रेसिडेंट रोटेरियन दिनेश भार्गव व क्लब सेक्रेटरी रोटेरियन सत्यनारायण सैनी ने कहा कि क्लब सदैव समाजहित के कार्यों में अग्रणी रहा है।

### खातोदड़ा में खोला जाएगा नया स्वास्थ्य केंद्र : आरती

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। महेंद्रगढ़ जिले के गांव खातोदड़ा में नया स्वास्थ्य केंद्र खोलने की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि गांव खातोदड़ा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) स्थापित किया जाएगा। इस स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से आसपास के गांवों के हजारों लोगों को बेहतर और समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक नागरिक को उसके नजदीक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों।

---

पूर्व बैंकर निकला मास्टरमाइंड व अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह का सदस्य

# शेयर बाजार में करोड़ों के मुनाफे का झांसा देकर ठगे लाखों रुपये, ग्वालियर से पकड़ा ठग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिले के साइबर क्राइम थाना नारनौल पुलिस ने शेयर बाजार में भारी मुनाफे का लालच देकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक बड़े अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले के एक आरोपित पंकज को उसी के शहर ग्वालियर से गिरफ्तार किया गया है। दरअसल, ठग ने पीड़ित से अलग-अलग बैंक खातों में 14.26 लाख की राशि डलवा ली गई। फिर ऐप में 33 करोड़ का मुनाफा बताकर 10 फीसदी टैक्स के तौर पर 3.34 करोड़ जमा करवाने की मांग की गई। इसके बाद पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ और मामला पुलिस तक पहुंचा।



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित पंकज। फोटो : हरिभूमि

जिला के गांव झूक निवासी सुन्दर कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। पीड़ित ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसे व्हाट्सएप पर एक्सिस सिक्योरिटी के अधिकारियों के नाम से मैसेज और कॉल आए थे। ठगों ने उसे एक फर्जी ऐप डाउनलोड करवाकर शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 22 दिसंबर 2025 से 11 मार्च 2026 के बीच अलग-अलग बैंक खातों में 14 लाख 26 हजार 50 रुपये जमा करवा लिए गए। जब पीड़ित के ऐप में 33 करोड़ रुपये से अधिक का फर्जी मुनाफा दर्शाया गया और उसे निकालने के लिए 10 प्रतिशत टैक्स के रूप में लगभग 3.34 करोड़ रुपये की और मांग की गई, तब उसे उसके साथ हुई साइबर ठगी का अहसास हुआ। इस संबंध में साइबर थाना नारनौल में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### बैंक खाते के खिलाफ देशभर में 8 शिकायतें लंबित

पुलिस की तकनीकी एवं विस्तृत जांच में सामने आया कि पीड़ित से ठगी गई राशि में से 6.33 लाख रुपये ग्वालियर स्थित केकेवीआर कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड नामक एक फर्म के सेंट्रल बैंक खाते में ट्रांसफर हुए थे और उसी दिन यह रकम पंजाब के फरीदकोट स्थित एक अन्य खाते में भेज दी गई थी। जांच में पता चला कि इस बैंक खाते के खिलाफ पूरे देश में आठ शिकायतें लंबित हैं और दिल्ली में 96 लाख रुपये के फ्रॉड की एक एफआईआर भी दर्ज है। चौंकाने वाली बात यह रही कि दिल्ली में ठगी का शिकार हुआ व्यक्ति नारनौल के शिकायतकर्ता का रिश्तेदार ही है।

### तीन बैंकों में जॉब कर चुका है आरोपित

साइबर पुलिस टीम ने ग्वालियर में ही छापेमारी कर आरोपित पंकज को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरोपित पंकज पूर्व में इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक में जॉब कर चुका है। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी कंपनी केकेवीआर रजिस्टर्ड करवाई थी और फोन पे के माध्यम से मकान मालिक को किराया देता था। आरोपित के कब्जे से 11 चेकबुक, 15 एटीएम कार्ड, दो सिम कार्ड, चार मोबाइल, दो मोहरें और अन्य दस्तावेज बरामद कर जब्त किए हैं। जांच में सामने आया कि कि फर्जी कंपनी के डायरेक्टरों के नाम पर जो मोबाइल सिम कंपनी के कार्यों और ऑनलाइन बैंकिंग के लिए रजिस्टर्ड थे, वे भी इसी आरोपित के पास से बरामद हुए हैं।

**ग्वालियर में आफिस किरायानामा भी निकला फर्जी :** जब पुलिस की टीम ने मध्य प्रदेश के ग्वालियर स्थित कंपनी के पते पर दबिश दी, तो वह ऑफिस बंद मिला। मकान मालिक से पूछताछ में खुलासा हुआ कि दो युवकों ने यह ऑफिस किराए पर लिया था, लेकिन बैंक खाते खुलवाने के लिए जो किरायानामा और शपथपत्र इस्तेमाल किया गया था, वह पूरी तरह से फर्जी था। इस फर्जी दस्तावेज पर जाली हस्ताक्षर भी किए गए थे। जांच में सामने आए इन नए तथ्यों के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराएं भी जोड़ी गई।

---

जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से घरों के सामने जमा हो रहा पानी

# सड़क बनी, नाली गायब: वार्डवासियों ने नहीं बनाए चबूतरे, हो रही भारी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

शहर के वार्ड नंबर 12 के मोहल्ला वाल्मीकि में हाल ही में सड़क निर्माण का कार्य तो पूरा कर दिया गया, लेकिन नाली निर्माण नहीं होने से स्थानीय लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। सड़क बनने के बाद जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से घरों के सामने पानी जमा हो रहा है, जिससे राहगीरों और वार्डवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि हल्की बारिश या घरों से निकलने वाला पानी भी सड़क पर फैल जाता है और पूरे इलाके में कीचड़ जैसी स्थिति बन जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका ने सड़क निर्माण के दौरान नालियों की व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया। इसके साथ ही कई घरों के सामने रहने वाले लोगों ने अब तक चबूतरे भी नहीं बनाए हैं, जिससे पानी सीधे सड़क पर बह रहा है। सड़क बनने के कारण कई मकानों का स्तर नीचे हो गया है और घरों में पानी घुसने का खतरा बना रहता है।



महेंद्रगढ़। रोड पर बहता गंदा पानी। फोटो हरिभूमि

**खास बातें**

- हल्की बारिश या घरों से निकलने वाला पानी भी सड़क पर फैल जाता है और पूरे इलाके में कीचड़ जैसी स्थिति बन जाती है
- कुछ स्थानों पर सड़क के किनारे जगह भी कम बची है, जिससे आने वाले समय में समस्या और बढ़ सकती है

### संबंधित विभाग ने नहीं निकाला कोई समाधान

लोगों का आरोप है कि संबंधित विभाग को कई बार इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। वार्डवासियों के अनुसार सड़क बनने से पहले नाली निर्माण होना जरूरी था, ताकि पानी की निकासी सही तरीके से हो सके। अब सड़क बनने के बाद नाली बनाने में तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं। कुछ स्थानों पर सड़क के किनारे जगह भी कम बची है, जिससे आने वाले समय में समस्या और बढ़ सकती है। वहीं कई लोगों ने अपने घरों के सामने चबूतरे नहीं बनाए, जिसके कारण सड़क और मकानों के बीच गड्ढेनुमा स्थिति बन गई है। इससे बुजुर्गों और बच्चों को आने-जाने में कठिनाई हो रही है।

### अधिकारियों के सामने रखेंगे समस्या

वहीं वार्ड पार्षद विष्णु वाल्मीकि का कहना है कि इस समस्या को लेकर नगर पालिका के अधिकारी को कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन नगर पालिका के अधिकारियों द्वारा उनकी समस्या को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वहीं उच्च अधिकारियों को लेकर इसकी समस्या को समक्ष रखेंगे।

### करना पड़ रहा परेशानी का सामना



मोहल्लावासी राजेंद्र कुमार का कहना है कि नगर पालिका की ओर से करीब पांच महीने पहले इस सड़क का निर्माण करवाया गया था, लेकिन ठेकेदार द्वारा अभी तक सड़क का निर्माण नहीं करवाया गया है, जिससे उनको काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, इसके अलावा चबूतरे का निर्माण भी नहीं हो रहा है।

### जल्द करवाया जाए निर्माण



वार्डवासी कृष्ण कुमार का कहना है कि वह कई बार नगर पालिका में शिकायत कर चुके हैं, लेकिन ठेकेदार द्वारा अभी तक नाली का निर्माण नहीं करवाया गया है, जिसके चलते उनके घर में सील आनी शुरू हो गई है, ठेकेदार द्वारा जल्दी इसका निर्माण कार्य शुरू करना चाहिए, ताकि उनको कोई परेशानी नहीं हो सके।

### मानसून में खराब हो सकते हैं हालात

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर पानी जमा होने से आने जाने वाले राहगीर को भी परेशानी होती है। कई बार वाहन फिसलने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। लोगों का कहना है कि नगर पालिका को सड़क निर्माण के साथ ही जल निकासी की योजना भी तैयार करनी चाहिए थी। अधूरे विकास कार्यों का खामियाजा अब आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। वार्ड के निवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से जल्द नाली निर्माण कराने और समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। साथ ही लोगों से भी अपील की गई है कि वे अपने घरों के सामने चबूतरे बनवाएं, ताकि सड़क सुरक्षित रहे और जलभराव की समस्या कम हो सके। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले मानसून में हालात और खराब हो सकते।

---

एफएलएस 2026 सर्वेक्षण जारी

# जिले के 11 स्कूलों में बच्चों की बुनियादी दक्षता का मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत बच्चों की बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एनसीईआरटी नई दिल्ली की प्रोफेसर इंद्राणी भादुड़ी के निर्देशन में एफएलएस 2026 का राष्ट्रीय सर्वेक्षण जिले में पूरे जोर-शोर से चल रहा है। यह तीन दिवसीय सर्वेक्षण छह मई से आठ मई तक आयोजित किया जा रहा है। सर्वेक्षण का मुख्य लक्ष्य कक्षा तीन के विद्यार्थियों की भाषा और गणित में बुनियादी समझ व दक्षता का वैज्ञानिक तरीके से आकलन करना है। जिले में कुल 11 विद्यालयों को इस राष्ट्रीय मूल्यांकन के लिए चुना गया है। इनमें राजकीय, निजी, शहरी, ग्रामीण और केंद्रीय विद्यालय शामिल हैं, ताकि विविध पृष्ठभूमि के बच्चों के सीखने के स्तर की तुलनात्मक तस्वीर सामने आ सके। सर्वेक्षण में प्रशिक्षित फील्ड इन्वेस्टिगेटर टैबलेट के माध्यम से डेटा संकलन कर रहे हैं, जिससे पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित हो सके। एससीईआरटी गुरुग्राम से डॉ. मनोज कुमार के नेतृत्व में एससीईआरटी से पर्यवेक्षक के रूप में कुसुम यादव सर्वेक्षण प्रक्रिया की निगरानी कर रही हैं। जिला स्तर पर समन्वय की जिम्मेदारी डॉ. विक्रम सिंह और दिनेश कुमार रावत को सौंपी गई है।



नारनौल। बच्चे की दक्षता का मूल्यांकन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### बच्चों से किया संवाद

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार ने कहा कि एफएलएस 2026 के निष्कर्ष शिक्षा विभाग के लिए एक महत्वपूर्ण फीडबैक तंत्र का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इससे हमें पता चलेगा कि कक्षा तीन तक बच्चों में अपेक्षित सीखने के स्तर तक पहुंचने के लिए किन क्षेत्रों में अतिरिक्त संसाधन और प्रशिक्षण की आवश्यकता है। सर्वेक्षण के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न स्कूलों में जाकर बच्चों से सीधे संवाद किया और उनकी समझ, पढ़ने की गति, गणितीय तर्क और मौखिक अभिव्यक्ति का मूल्यांकन किया। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिक्षा विभाग का मानना है कि इस तरह के राष्ट्रीय स्तर के मूल्यांकन से जमीनी हकीकत सामने आती है और शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलती है। एफआई के रूप में डाइट प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार, अजय कुमार, धर्मेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, अरुण कुमार, महेश कुमार, राजेश कुमार, बीआरपी संदीप कुमार, रोहताश कुमार, ममता कुमारी, सुमित्रा देवी व एबीआरसी अनिल कुमार शामिल रहे।

---



कनीना। स्ट्रॉन्ग रूम एवं डिस्पैच सेंटर का दौरा करते एसडीएम।

### स्ट्रॉन्ग रूम एवं डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

**मंडी अटेली।** कनीना। नगर पालिका वार्ड संख्या 14 में होने वाले उपचुनाव के मद्देनजर वीरवार को एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी डॉ. जितेंद्र सिंह ने राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्थित स्ट्रॉन्ग रूम एवं डिस्पैच सेंटर का दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान प्रक्रिया से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि उपचुनाव के लिए बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम एवं डिस्पैच सेंटर पर सुरक्षा, बिजली, पेयजल, बैठने की व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों की पूर्ण पालना करते हुए प्रत्येक कार्य को गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ पूरा किया जाए। 10 मई को निर्धारित मतदान केंद्र पितामह कान्हसिंह धर्मशाला में मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। मतदान उपरांत सभी पोलिंग पार्टियां पुनः राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना में चुनाव सामग्री जमा करवाएंगी।

### एक तरफ हड़ताल पर सफाई कर्मी, दूसरी ओर प्रधान ने चलाया सफाई अभियान

**मंडी अटेली।** नगर पालिका सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के बीच वीरवार को शहर में एक अलग ही तस्वीर देखने को मिली। एक तरफ सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे रहे। वहीं दूसरी तरफ नगर पालिका अध्यक्ष संजय गोयल के नेतृत्व में शहर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान के माध्यम से शहरवासियों को स्वच्छता और जनभागीदारी का संदेश दिया गया। सुबह करीब साढ़े सात बजे शुरू हुए इस अभियान में चेयरमैन संजय गोयल, पार्षदों, नगर पालिका कर्मचारियों और आम लोगों ने मिलकर शहर के मुख्य चौक, चौराहों व आम रास्तों पर पड़े कूड़े, कचरे के ढेरों को अपने हाथों से उठाया। झंडा चौक से लेकर पुराने बस स्टैंड तक फैली गंदगी को ट्रैक्टर ट्रॉली और कचरा गाड़ियों में भरकर हटाया गया। इस दौरान हड़ताली कर्मचारी भी आसपास मौजूद रहे और जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों को सफाई करते हुए देखते रहे। शहर में चल रही इस मुहिम को लोगों ने सामाजिक जिम्मेदारी का उदाहरण बताया। अभियान के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष संजय गोयल ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जब तक हड़ताल जारी है।



मंडी अटेली। वाहन में कचरा डालते जनप्रतिनिधि व अन्य। फोटो : हरिभूमि




मंडी अटेली। धरने पर बैठे सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### अटेली में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी

**मंडी अटेली।** नगर पालिका क्षेत्र में सफाई कर्मचारियों का ठेका प्रथा के खिलाफ आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। अनिश्चितकालीन धरने के सातवें दिन भी कर्मचारियों ने कामकाज पूरी तरह ठप रखते हुए विरोध प्रदर्शन जारी रखा। जिससे शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित रही और कई स्थानों पर कचरे के ढेर लग गए। धरने की अगुवाई कर रहे ब्लॉक प्रधान मनीष कुमार ने कहा कि ठेकेदारी व्यवस्था के कारण कर्मचारियों का लगातार शोषण हो रहा है। उन्होंने बताया कि वर्षों से कार्यरत होने के बावजूद कर्मचारियों को न तो स्थायित्व मिल रहा है और न ही उचित वेतन जिससे उनका जीवन प्रभावित हो रहा है। कर्मचारियों ने सरकार से ठेका प्रथा समाप्त कर नियमित भर्ती करने, न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये प्रतिमाह निर्धारित करने तथा समान कार्य के लिए समान वेतन लागू करने की मांग उठाई। इसके साथ ही सभी सरकारी सुविधाएं देने की भी मांग रखी गई। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों का जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। धरने में मनोज कुमार, गीता, रामकिशन, राकेश, मंजू, उषा, लक्ष्मी, रेखा आदि मौजूद रहे।

### एनएच-148 बी पर ट्रैक्टर-ट्रॉली का टायर व रिम फटी, बड़ा हादसा टला

**नारनौल।** नांगल चौधरी क्षेत्र में नेशनल हाईवे-148 बी पर बुधवार देर रात बड़ा हादसा टल गया। बस स्टैंड के पास बने अंडरपास के ऊपर तेज रफ्तार से गुजर रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली की अचानक टायर व रिम फट गई। जिससे ट्रॉली अनियंत्रित होकर हाईवे के साइड बॉर्डर पर जा चढ़ी और डिवाइडर के ऊपर झुक गई। यह ट्राली अंडरपास के ऊपर अटक गई। अगर यह नीचे गिर जाती तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इससे वहां पर कई देर तक जाम भी रहा। ट्रैक्टर-ट्रॉली में पशुओं के लिए काफी मात्रा में चारा भरा हुआ था। यह चारा पंजाब से कोटपूतली की तरफ ले जाया जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रॉली काफी तेज गति में थी और ओवरलोड भी बताई जा रही है। हादसे के समय हाईवे पर वाहनों की आवाजाही जारी थी, लेकिन राहत की बात यह रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। अमरजीत, नितेश व रविंद्र ने बताया कि यदि ट्रॉली सर्विस रोड की तरफ पलट जाती तो नीचे से गुजर रहे वाहन इसकी चपेट में आ सकते थे और बड़ा जानलेवा हादसा हो सकता था।



नारनौल। रिम फटने से ट्रॉली डिवाइडर के ऊपर झुकी। फोटो : हरिभूमि

### 15 मई से शुरू होंगी परीक्षाएं, 9 मई तक एडमिट कार्ड लेना अनिवार्यः डॉ. हरिओम

**कनीना।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित पीकेएस राजकीय महाविद्यालय की ओर से विद्यार्थियों के लिए परीक्षा संबंधी महत्वपूर्ण दिशानिर्देश जारी किए हैं। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार बीए, बीकॉम व बीएससी के द्वितीय, चतुर्थ और छठे सेमेस्टर की नियमित परीक्षा 15 मई से शुरू होने जा रही हैं। जिसे लेकर महाविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. हरिओम भारद्वाज ने बताया कि एडमिट कार्ड वितरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जो आगामी नौ मई तक चलेगी। विद्यार्थियों को नौ मई तक अनिवार्य रूप से अपने एडमिट कार्ड प्राप्त करने होंगे। प्रथम वर्ष के एडमिट कार्ड कमरा संख्या तीन में चेतन शर्मा व अंकित कुमार वितरित करेंगे। इसी प्रकार द्वितीय वर्ष के एडमिट कार्ड कमरा संख्या तीन में मनीष कुमार व मानव भारद्वाज तथा तृतीय वर्ष के एडमिट कार्ड कमरा संख्या पांच में मीना शर्मा व कुमारी कुसुम की ओर से जाएंगे।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

---

बैठक | अटेली में पुलिस-पब्लिक संवाद के दौरान डीएसपी ने लोगों से किया आह्वान

# सार्वजनिक एवं मुख्य स्थानों पर लगाएं सीसीटीवी

- पुलिस और आम जनता के बीच सहयोग से ही समाज को पूरी तरह से सुरक्षित और अपराध मुक्त बनाया जा सकता है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

थाना अटेली परिसर में अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा क्षेत्र में शांति व सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पुलिस डीएसपी सुरेश कुमार ने की। बैठक में अटेली क्षेत्र के विभिन्न वार्डों के पार्षद, स्थानीय गणमान्य व्यक्ति, प्रमुख समाजसेवी व व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



नारनौल। बैठक को संबोधित करते डीएसपी। फोटो : हरिभूमि

बैठक के दौरान डीएसपी सुरेश कुमार ने वहां मौजूद सभी प्रतिनिधियों से उनके संबंधित क्षेत्रों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की और जमीनी स्तर पर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था पर गहन चर्चा की।

उन्होंने सभी पार्षदों, व्यापारियों और समाजसेवियों से एकजुट होकर अपने-अपने क्षेत्रों में भाईचारा और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर तालमेल व सहयोग से ही समाज को पूरी तरह से सुरक्षित और अपराध मुक्त बनाया जा सकता है। सुरक्षा व्यवस्था को अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए डीएसपी ने सभी उपस्थित लोगों से अपील की। उन्होंने अनुरोध किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और घरों के आसपास उत्तम गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाएं। उन्होंने विशेष रूप से सुझाव दिया कि ये कैमरे मुख्य रूप से दुकानों के बाहर, प्रमुख चौक-चौराहों और गांवों, कॉलोनियों तथा वार्डों के प्रवेश व निकास द्वार पर लगाए जाने चाहिए, ताकि हर आने-जाने वाले व्यक्ति पर नजर रखी जा सके।

### कैमरे लगे होने से कानून का डर बना रहेगा

डीएसपी ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक और मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगे होने से न केवल असामाजिक तत्वों में कानून का डर बनता है, बल्कि इससे अपराध पर भी प्रभावी रूप से अंकुश लगता है। जगह-जगह तीसरी आंख का पहरा होने से क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पहले से कहीं अधिक मजबूत होगी। यदि कोई आपराधिक घटना घटित हो भी जाती है, तो इन कैमरों की फुटेज की मदद से अपराधियों की तुरंत पहचान करने और उन्हें जल्द से जल्द पकड़ने में पुलिस को बहुत मदद मिलेगी। बैठक का समापन पुलिस व स्थानीय जनता के बीच सुरक्षा को लेकर एक साथ मिलकर काम करने के सकारात्मक संकल्प के साथ हुआ।